भारत सरकार

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2758**

7 अगस्त, 2024 को उत्तर देने के लिए

**अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन**

**†2758. श्री जी. एम. हरीश बालयोगी:**

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन के विकास की पहल की है;

(ख) यदि हां, तो फाउंडेशन की स्थापना के लिए की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है, जिसमें इसकी वर्तमान स्थिति, संरचना और सरकार द्वारा निर्धारित समय-सीमा शामिल है;

(ग) अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना के लिए इसकी स्थापना के बाद से लेकर अब तक आवंटित और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने उन संस्थानों का चयन कर लिया है जिनके साथ अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन सहयोग करेगा और यदि हां, तो ऐसी चयनित संस्थाओं का विशेषकर आंध्र प्रदेश से राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ड.) क्या सरकार ने अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कोई प्रचार/जागरूकता अभियान चलाया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लिए कितनी निधि आवंटित और उपयोग की गई है?

**उत्तर**

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(डॉ. जितेंद्र सिंह)**

(क) जी हाँ ।

(ख) अनुसंधान राष्ट्रीय शोध प्रतिष्ठान (एएनआरएफ) की स्थापना के लिए कई कदम उठाए गए हैं। एएनआरएफ अधिनियम, 2023 (2023 का 25) को 12 अगस्त 2023 को भारत के राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हुई और यह 5 फरवरी 2024 को प्रवृत्त हुआ। सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार को एएनआरएफ के कुशल प्रशासन के लिए 6 फरवरी 2024 से अंतरिम सीईओ नियुक्त किया गया है। एएनआरएफ के शासी बोर्ड और परिषद का गठन कर दिया गया है और इसे भारत के राजपत्र में अधिसूचित कर दिया गया है। एएनआरएफ नियम, 2024 28 जून 2024 को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित करके अधिसूचित कर दिया गया है

और इसे तत्पश्चात संसद द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर संसद के दोनों सदनों, लोकसभा और राज्यसभा में क्रमशः 31 जुलाई और 1 अगस्त, 2024 को प्रस्तुत कर दिया गया है।

(ग) एएनआरएफ की स्थापना के बाद से इसे 2023-24 में 258.60 करोड़ रुपये का संशोधित अनुमान और 2024-25 में 2,000.00 करोड़ रुपये का बजट अनुमान आवंटित किया गया है। एएनआरएफ की स्थापना के लिए उपयोग की गई राशि शून्य है।

(घ) जी नहीं। एएनआरएफ केंद्रीय रूप से स्थापित निकाय है जो पारदर्शी तरीके से सभी विषयों में एकीकृत ढंग से संस्थानों में अनुसंधान का प्रारंभण, निधीयन और समन्वयन करता है, जिसका विशेष प्राधिकार देश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में अनुसंधान और नवोन्मेष को बढ़ावा देना है। किसी विशेष संस्थान को एएनआरएफ के साथ सहयोग करने के लिए लघुसूचियित नहीं किया गया है।

(ड़.) एएनआरएफ के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विचार-मंथन बैठकों, हितधारक परामर्श सहित कई संवर्धन/जागरूकता अभियान आयोजित किए गए हैं। इसके अलावा, देश में एएनआरएफ के महत्व और उद्देश्य के प्रचार के लिए घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों तरह के कई वैज्ञानिक प्लेटफार्मों का उपयोग किया गया है। इनमें से अधिकांश कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित किए गए थे और इस उद्देश्य के लिए अब तक आवंटित और उपयोग की गई धनराशि 24.5 लाख रुपये है।

*****